डॉ. संजय ने कहा कि आत्मनिर्भर व्यक्ति सदैव आत्मप्रेरित, जिम्मेदार, अनुशासित व आत्म विश्वास वाले होते हैं, वे अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के हल निकालने में सक्षम होते हैं और वे अपनी बात निडरता से दूसरों से कह पाते हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपनी आवाज उठा पाते हैं। ऐसे लोग अपने व्यक्तित्व के स्वामी होते हैं और समाज को विकसित करने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि यदि महिलाओं को सशक्त होना है तो उन्हें सामाजिक, आर्थिक व मनोवैज्ञानिक रूप से आत्मनिर्भर होना होगा। इसके लिए महिलाओं को खुद से प्रेरित होना, अपनी आवाज उठाना, अपने अधिकारों के लिए लड़ना, और किसी भी स्थिति में अपने लिए पहला कदम उठाना सीखना होगा। और इसकी पहली सीढ़ी तो अपनों के बीच से ही शुरू होती है और वहीं से हम सशक्त होना सीखते हैं। इन सबके लिए उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ होना आवश्यक है। प्रो0 नीलू जैन गुप्ता ने कहा कि उन्हें महिलाओं को अपने लक्ष्य को निर्धारित करना होगा और निर्धारित लक्ष्यों की ओर बढ़ने के साथ-साथ योगा, मेडिटेशन एक्स-रसाइज और अच्छा भोजन भी करना चाहिए। अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए अपनी कमियों को स्वीकार कर अपनी अन्य ताकतों पर भरोसा करना चाहिए और मन में कोई शंका होने पर अपने बड़ों, शिक्-ाको या माता-पिता से साझा कर उनसे बाहर आकर जीवन लक्ष्यों की ओर बढ़ना चाहिए। मिशन शक्ति कार्यक्रम की समन्वयक प्रो0 बिन्दु शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में महिला हर क्षेत्र में अपनी योग्यता को साबित कर रही है। बावजूद इसके महिलाओं को समाज में वह स्थान नहीं मिल पा रहा है जिसकी वह हकदार हैं। सामाजिक बेडियां होने के बावजूद महिलाओं ने पुरूषों के समक्ष अपने ज्ञान एवं विवके का परिचय दिया है।

मिशन शक्ति अभियान पर किया जागरूक

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देशन मे चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न स्कूलो मे जागरूकता संबंधी गोष्ठी की गई। सार्वजनिक स्थल, चैराहो मे भ्रमण कर महिला/ बालिकाओ को जागरूक किया गया। जिलेभर के पुलिस चैकियो, थानो मे एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बे के भीडभाड चैराहे, कालेज, बाजारो मे पंपलेट बाटे गये। थाना, चैकियो के सीयूजी नंबर दिये। महिलाओ, बालिक-ाओ से उनकी कुशलता पूंछी। कहा कि आवश्यकता पडने पर पुलिस के सीयूजी नंबर पर जानकारी दे सकते है।

दिनाँक: 5 मार्च 2021

कार्यक्रम 8 :

" आत्मरक्षा पर एक दिवसीय शिविर "

संचालन का स्थान:	1) योग विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ 2) इतिहास विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
अध्यक्ष एवं संरक्षक:	माननीय कुलपति, प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपसंरक्षक:	प्रो. वाई. विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
दिवस :	अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
कार्यक्रम की समन्वयक:	• प्रोफेसर बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र, आचार्य जीव विज्ञान विभाग,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ • डॉ. अजय विजय कोर, विभाग।ध्यक्ष, इतिहास विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपस्थित शिक्षकगण :	• प्रोफेसर नीलू जैन गुप्ता, अध्यक्ष, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ • डॉक्टर विवेक त्यागी, • डॉक्टर नरेंद्र पांडे, • डॉ धर्मेंद्र, • डॉक्टर अमरपाल, • डॉक्टर शिखा वशिष्ठ

विवरण :

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत 5 मार्च 2021 को एक दिवसीय आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया गया था। छात्रों को यूनाइटेड शोतोकॉम कराटे सेल्फ डिफेंस एकेडमी के मांडू वातिका ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके सिखाए। प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई. विमला ने कहा कि आजकल लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आते रहते हैं। समाज में लड़कियों को कमजोर समझा जाता है। लड़कियों के लिए जरूरी हो गया है कि ऐसी कार्य स्थिति से बचने के लिए और आत्म सुरक्षा के लिए तैयार रहें। समन्वयक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने कहा कि मार्शल आर्ट एक ऐसी कला है जिसमें फिट रहने के साथ-साथ सु सुरक्षा भी खुद कर सकती है। प्रोफेसर नीलू जैन गुप्ता, डॉक्टर विवेक त्यागी, डॉक्टर नरेंद्र पांडे, डॉ धर्मेंद्र, डॉक्टर अमरपाल, डॉक्टर शिखा वशिष्ठ, रमेश यादव, आदि उपस्थित रहे। वहीं शहीद मंगल पांडे महिला कॉलेज में छात्राओं ने पोस्ट के जरिए नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। इतिहास विभाग में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अभिषेक और एवं प्रोफेसर आराधना के निर्देशन में मार्शल आर्ट प्रशिक्षण सुनील कुमार गुरु हरकिशन हायर सेकेंडरी स्कूल शास्त्री नगर मेरठ में छात्रों और छात्रों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर के अंतर्गत की पद्धति सीखी।

फोटोग्राफ गैलरी :

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
इतिहास विभाग
पोस्टर/स्लोगन/क्विज
छात्राओं को विधिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श कार्यक्रम:
कराटे कैम्प त्रिदिवसीय कार्यक्रम:
महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली:
मिशन शक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम:
स्थान: इतिहास विभाग, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
आयोजक: प्रो० ए० वी० कौर, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग एवं
समस्त इतिहास विभाग परिवार, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
DEPARTMENT OF HISTORY
मिशन शक्ति अभियान
तीन दिवसीय महिला कराटे
विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 04-06 मार्च, 2021
कार्यक्रम का शुभारम्भ
द्वारा किया जाएगा।
आयोजक: प्रो० ए० वी० कौर, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग एवं
इतिहास विभाग परिवार, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

मीडिया रिपोर्ट :

महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े कानून की जानकारी दी

मिशन शक्ति अभियान

जागरण संवाददाता, मेरठ : प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के द्वितीय चरण में महिला सशक्तिकरण को लेकर श्रम विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रम विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत उप श्रमायुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महिला श्रमिकों की जागरूकता के लिए श्रम विभाग के अधिकारियों ने उन्हें विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कई बिंदुओं पर महिला श्रमिकों को जागरूक किया गया। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत 1796 निर्माण श्रमिकों को एक करोड़ 42 लाख 75 हजार 126 के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। निर्माण श्रमिकों के दसवीं और इंटर की परीक्षा पास करने वाले बच्चों को आगे शिक्षा जारी रखने के लिए 85 साइकिलों को वितरण भी किया गया।

सीसीएसयू में कराटे का प्रशिक्षण लेती छात्राएं ● सौ. विवि

कराटे से खुद को करें मजबूत

मेरठ: मिशन शक्ति के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया गया। प्रतिकुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि वह आत्म सुरक्षा के लिए तैयार रहें।

मेडिकल छात्राओं ने प्रस्तुत की नाटिका

जागरण संवाददाता, मेरठ : मिशन शक्ति अभियान के तहत मेडिकल कालेज में शुक्रवार को भी महिला सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुक्रवार को आयोजित हुए कार्यक्रमों में एमबीबीएस की छात्रा याना कौशिक, गौरी, निदा एवं नर्सिंग की छात्रा अन्वी व प्रगति ने मर्मस्पर्शी कविताओं का पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर कर दिया। एमबीबीएस व नर्सिंग की छात्राओं द्वारा नारी की स्थिति पर भावपूर्ण नाटिका का मंचन किया गया, कालेज प्राचार्य डा. ज्ञानेंद्र कुमार मौजूद रहे।

छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

मेरठ: मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नारी सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन विषय पर छात्राओं ने चित्र बनाए। प्रतियोगिता में उमा जोशी प्रथम, त्रिरत्ना दूसरे और इकरा खातून तीसरे स्थान पर रही। वहीं मिशन शक्ति समिति और शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से छात्राओं को आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रशिक्षक पूर्णेंदु झा ने आत्मरक्षा के तरीकों का अभ्यास कराया। प्रचार्य डा. दिनेश चंद, डा. लता कुमार उपस्थित रही।

अपनी आत्म सुरक्षा के लिए सीखें दांव पेंच : प्रो. वाई विमला

समाज में लडकियों को कमजोर समझा जाता है

कराटे सीख महिलाएं अपनी सुरक्षा खुद कर सकती हैं

मेरठ (धारा न्यूज)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चैधरी चरण सिंह विश्विधालय में एक दिवसीय आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण यूनिटेड शोटोकॉम कराटे सेल्फडिफेन्स अकादमी मांडू वातिका मेरठ कांट द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह विश्वविधालय की प्रति कुलपति प्रो वाई विमला ने कहा कि आजकल क्राइम बढ़ता जा रहा हैए जिसमें सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आते हैं। समाज में लड़कियों को कमजोर समझा जाता है और कई बार वे घरेलू हिंसा की शिकार भी होती हैं। लड़कियों के लिए बहुत जरूरी हो गया है, कि ऐसी अकल्पनीय स्थिति से बचने के लिए और आत्म सुरक्षा के लिए तैयार रहें। कार्यकेम की समन्यवक प्रो बिंदु शर्मा ने कहा की मार्शल आर्ट एक ऐसी कला हैए जिसमें आप फ्टि रहने के साथ.साथ अपनी सुरक्षा भी खुद कर सकती हैं। इस कला के माध्यम से आप छेड़छाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दे सकती हैं। आत्म सुरक्षा आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ निधि भटिया ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो नीलू जैन गुप्ता ;अध्यक्षा जन्तु विभाग, डॉ विवेक त्यागी ;समन्वयक लॉ विभाग, डॉ नरेंद्र पांडे, डॉ. धर्मेंद्रे, डॉ. अमरपाल, डॉ. शिखा वशिष्ठ रमेश यादव आदि उपस्थित रहे। वहीं इतिहास विभाग में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए उ प्र शासन के मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत त्रि.दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभागाध्यक्षा, प्रो ए वी कौर एवं प्रो आराधना के निर्देशन में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सुनील कुमार, गुरू हरकिशन हॉयर सेकेन्डरी स्कूल, कुटी शास्त्री नगर, मेरठ ने छात्राओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया। छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रशिक्षण के अन्तर्गत आत्मरक्षा सेल्फडिफेंस की पद्धति सीखी।

आत्मरक्षा के लिए सीखें दांव पेंचः प्रो.विमला

अभियान

- **मिशन शक्ति के तहत चौ. चरण सिंह विवि में छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण**

ग्रीन इंडिया

मेरठ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौधरी चरण सिंह विवि में एक दिवसीय आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण यूनिटेड शोटोकॉम कराटे सेल्फ डिफेन्स अकादमी मांडू वातिका मेरठ कांट द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह विवि की प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि आजकल क्राइम बढ़ता जा रहा है, जिसमें सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आते हैं। समाज में लड़कियों को कमजोर समझा जाता है और कई बार वे घरेलू हिंसा की शिकार भी होती हैं। लड़कियों के लिए बहुत जरूरी हो गया है, कि ऐसी अकल्पनीय स्थिति से बचने के लिए और आत्म सुरक्षा के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम की समन्यवक प्रो.बिंदु शर्मा ने कहा की मार्शल आर्ट एक ऐसी कला है, जिसमें आप फिट रहने के साथ-साथ अपनी सुरक्षा भी खुद कर सकती हैं। इस कला के माध्यम से आप छेड़छाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दे सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ.निधि भटिया ने किया। कार्यक्रम में प्रो नीलू जैन गुप्ता, डॉ.विवेक त्यागी, डॉ.नरेंद्र पांडे, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. अमरपाल, डॉ. शिखा वशिष्ठ रमेश यादव आदि उपस्थित रहे। वहीं इतिहास विभाग में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए उप्र शासन के मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत त्रि-दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभागाध्यक्षा, प्रो. एव्री.कौर एवं प्रो. आराधना के निर्देशन में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सुनील कुमार, गुरू हरकिशन हॉयर सेकेन्डरी स्कूल, कुटी शास्त्री नगर, मेरठ ने छात्राओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया।

संकट के समय सहायता करता है मार्शल आर्टः विमला

मेरठ। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सीसीएसयू के इतिहास विभाग में त्रि-दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का सूत्र वाक्य आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) है।

शिविर का उद्घाटन प्रति-कुलपति प्रो. वाई विमला ने दीप प्रज्जवल कर सरस्वती पूजन से किया। प्रति-कुलपति ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कह कि वर्तमान समय में लड़कियों एवं महिलाओं को अपने परिवेष में, घर से बाहर निकलकर अपनी सुरक्षा सम्बन्धी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए, आज की यह सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हम अपनी सुरक्ष स्वयं करें। इसके लिए मार्शल आर्ट हमारे लिए बहुत सहायक हो सकता है यह महिलाओं के हाथ में एक महत्त्वपूर्ण अस्त्र है। विभागाध्यक्षा प्रो. एवी कौर ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं के लिए संविधान की व्यवस्थाओं सहित अनेक विशेष कानून हैं फिर भी घर में और घर के बाहर समाज में उन्हें अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है, जिसके लिए उनका मजबूत होना जरूरी है यह आवश्यक है कि वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके, इसके लिए प्रत्येक लड़की व महिला को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट सीखना चाहिए, जिससे संकट के समय में स्वयं अपनी रक्षा कर सकें। प्रो. आराधना ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मार्शल आर्ट के स्वरूप में लगातार परिवर्तन हो रहा है। यदि मार्शल आर्ट कठिन लगती है तो सेल्फ डिफेंस को सीखना चाहिए। यह आसान होने के साथ-साथ व्यवहारिक भी है।

अपनी आत्म सुरक्षा के लिए सीखें दांव पेंचः विमला

मेरठ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चैधरी चरण सिंह विश्वधालय में एक दिवसीय आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण यूनिटेड शोटोकॉम कराटे सेल्फ डिफेन्स अकादमी मांडू वातिका मेरठ कांट द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह विश्वविधालय की प्रति कुलपति प्रो वाई विमला ने कहा कि आजकल क्राइम बढ़ता जा रहा हैए जिसमें सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आते हैं। समाज में लड़कियों को कमजोर समझा जाता है और कई

कराटे सीख महिलाएं अपनी सुरक्षा खुद कर सकती हैं

बार वे घरेलू हिंसा की शिकार भी होती हैं। लड़कियों के लिए बहुत जरूरी हो गया हैए कि ऐसी अकल्पनीय स्थिति से बचने के लिए और आत्म सुरक्षा के लिए तैयार रहें। कार्यकेम की समन्यवक प्रो बिंदु शर्मा ने कहा की मार्शल आर्ट एक ऐसी कला हैए जिसमें आप फिट रहने के साथणसाथ अपनी सुरक्षा भी खुद कर सकती हैं। इस कला के माध्यम से आप छेड़छाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दे सकती हैं। आत्म सुरक्षा आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ निधि भटिया ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो नीलू जैन गुप्ता यअध्यक्षा जन्तु विभागएडॉ विवेक त्यागी यसमन्वयक लॉ विभागए डॉ नरेंद्र पांडेए डॉण् धर्मेंद्रए डॉण् अमरपालए डॉण् शिखा वशिष्ठ रमेश यादव आदि उपस्थित रहे। वहीं इतिहास विभाग में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए उ प्र शासन के मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत त्रिण्दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभागाध्यक्षाए प्रो ए वी कौर एवं प्रो आराधना के निर्देशन में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सुनील कुमारए गुरू हरकिशन हॉयर सेकेन्डरी स्कूलए कुटी शास्त्री नगरए मेरठ ने छात्राओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया। छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रशिक्षण के अन्तर्गत आत्मरक्षा सेल्फ डिफेंस की पद्धति सीखी।

'मिशन शक्ति' अभियान के तहत यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय मार्शल आर्ट शिविर

अमर भारती संवाददाता

मेरठ। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए शासन के मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत इतिहास विभाग, चै0 चरण सिंह विश्वविद्यालय में गुरूवार को तीन दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस शिविर का सूत्र वाक्य आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) है। शिविर का उद्घाटन प्रति-कुलपति, प्रो0 वाई0 विमला ने दीप प्रज्जवल कर सरस्वती पूजन से किया।

प्रति-कुलपति ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लड़कियों एवं महिलाओं को अपने परिवेष में, घर से बाहर निकलकर अपनी सुरक्षा सम्बन्धी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए आज की यह सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हम अपनी सुरक्षा स्वयं करें। इसके लिए मार्शल आर्ट हमारे लिए बहुत सहायक हो सकता है। यह महिलाओं के हाथ में एक महत्त्वपूर्ण अस्त्र है। विभागाध्यक्षा, प्रो0 ए0वी0 कौर ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं के लिए संविधान की व्यवस्थाओं सहित अनेक विशेष कानून हैं फिर भी घर में और घर के बाहर समाज में उन्हें अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है जिसके लिए उनका मजबूत होना जरूरी है। यह आवश्यक है कि वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके, इसके लिए प्रत्येक लड़की व महिला को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट सीखना चाहिए जिससे संकट के समय में स्वयं अपनी रक्षा कर सकें। इस दौरान प्रो0 आराधना ने कहा कि मार्शल आर्ट के स्वरूप में लगातार परिवर्तन हो रहा है यदि मार्शल आर्ट कठिन लगती है तो सेल्फ डिफेंस को सीखना चाहिए। यह आसान होने के साथ व्यवहारिक भी है।

मार्शल आर्ट आत्म सुरक्षा का बेहतर शस्त्र : प्रो. वाई विमला

मेरठ (एसएनबी)। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में तीन दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। शिविर का उद्घाटन विवि की प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई. विमला ने सरस्वती पूजन के बाद दीप प्रज्वलित कर किया।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर शुरू

प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई. विमला ने कहा कि वर्तमान में लड़कियों एवं महिलाओं को अपने परिवेश में घर से बाहर निकलकर खुद की सुरक्षा सम्बन्धी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हम अपनी सुरक्षा स्वयं करें। इसके लिए मार्शल आर्ट आत्मसुरक्षा का बेहतर शस्त्र है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एवी कौर ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं के लिए संविधान की व्यवस्थाओं सहित कई विशेष कानून हैं। फिर भी घर में और घर के बाहर समाज में उन्हें कई समस्याओं से जूझना पड़ता है जिसके लिए उनका मजबूत होना जरूरी है। वह अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें, इसके लिए हर लड़की व महिला को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट सीखना चाहिए जिससे संकट के समय में स्वयं अपनी रक्षा कर सकें।

प्रोफेसर आराधना ने कहा कि मार्शल आर्ट के स्वरूप में लगातार परिवर्तन हो रहा है यदि मार्शल आर्ट कठिन लगता है तो सेल्फ डिफेंस को सीखना चाहिए। यह आसान होने के साथ ही व्यावहारिक भी है।

मार्शल आर्ट जरूर सीखें लड़कियां

मिशन शक्ति के तहत एक दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का आयोजन

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत शुक्रवार को एक दिवसीय आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया गया।

छात्राओं को यूनिटेड शोतोकॉम कराटे सेल्फ डिफेंस अकादमी के मांडू वातिका ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके सिखाए। प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि आजकल लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आते हैं। समाज में लड़कियों को कमजोर समझा जाता है।

लड़कियों के लिए जरूरी हो गया है कि ऐसी अकल्पनीय स्थिति से बचने के लिए और आत्मसुरक्षा के लिए तैयार रहें। समनव्यक प्रो. बिंदु शर्मा ने कहा की मार्शल आर्ट एक ऐसी कला है, जिसमें आप फिट रहने के साथ सुरक्षा भी खुद कर सकती हैं।

प्रो. नीलू जैन गुप्ता, डॉ. विवेक त्यागी, डॉ. नरेंद्र पांडे, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. अमरपाल, डॉ. शिखा वशिष्ठ, रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

वहीं शहीद मंगल पांडेय महिला कॉलेज में छात्राओं ने पोस्टर के जरिए नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया। नारी सशक्तीकरण एवं स्वावलंबन विषय पर छात्राओं ने चित्र बनाए। प्रतियोगिता में उमा जोशी ने पहला, त्रिरत्ना ने दूसरा व इकरा खातून ने तीसरा स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार आशा व काजल ने जीता। प्रिंसिपल डॉ. दिनेश चंद्र ने सभी को सम्मानित किया। संयोजन डॉ. लता कुमार ने किया।

चित्रकला में विशाखा बनी विजेता

मेरठ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब निदेशक आयुष गोयल व पीयूष गोयल ने बताया कि प्रतिभागियों ने चित्रों के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं जैसे दहेज, अशिक्षा, घरेलू हिंसा आदि समस्याओं को उजागर किया। प्रतियोगिता में विशाखा पुंडीर पहले, अक्षिता जाखड़ दूसरे और अंकित गोयल तीसरे स्थान पर रहीं। अनमोल अग्रवाल ने सांत्वना पुरस्कार जीते। कपिल कुमार, नीतू तोमर व प्रथम के प्रयास भी सराहनीय रहे। ब्यूरो

अपनी आत्म सुरक्षा के लिए सीखें दांव पेंचः विमला

समाज में लड़कियों को कमजोर समझा जाता है, कराटे सीख महिलाएं अपनी सुरक्षा खुद करें

मेरठ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्विधालय में एक दिवसीय आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण यूनिटेड शोटोकॉम कराटे सेल्फ डिफेंस अकादमी मांडू वातिका मेरठ कांट द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह विश्वविधालय की प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि आजकल क्राइम बढ़ता जा रहा है, जिसमें सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले सामने आते हैं। समाज में लड़कियों को कमजोर समझा जाता है और कई बार वे घरेलू हिंसा की शिकार भी होती हैं। लड़कियों के लिए बहुत जरूरी हो गया है कि ऐसी अकल्पनीय स्थिति से बचने के लिए और आत्म सुरक्षा के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम की समन्यवक प्रो. बिंदु शर्मा ने कहा कि मार्शल आर्ट एक ऐसी कला है, जिसमें आप फिट रहने के साथ-साथ अपनी सुरक्षा भी खुद कर सकती हैं। इस कला के माध्यम से आप छेड़छाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दे सकती हैं। आत्म सुरक्षा आपको मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि भटिया ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो. नीलू जैन गुप्ता, डॉ. विवेक त्यागी, डॉ. नरेंद्र पांडे, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. अमरपाल, डॉ. शिखा, वशिष्ठ रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

सीसीएसयू कैंपस में लगा आत्मरक्षा शिविर, कॉलेजों में हुईं प्रतियोगिताएं, छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, बनीं सशक्त

हिन्दुस्तान मिशन शक्ति

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

शुक्रवार को शहीद मंगल पांडे कॉलेज में छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे।

शुक्रवार को कनोहरलाल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। • हिन्दुस्तान

समाज में लड़कियों को कमजोर समझा जाता है। यह धारणा गलत है। लड़कियां कमजोर नहीं हैं। विषम परिस्थितियों में खुद की सुरक्षा करने के लिए लड़कियों को प्रशिक्षित होना चाहिए।

मिशन शक्ति अभियान के तहत सीसीएसयू कैंपस में आत्मरक्षा शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। यूनिटेड शोटोकॉम कराटे सेल्फ डिफेन्स अकादमी मांडू वातिका ने छात्राओं को प्रशिक्षित किया। प्रोवीसी प्रो.वाई विमला ने कहा कि समाज में अपराध के मामले बढ़ रहे हैं। लड़कियां और महिलाएं इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। वे घरेलू हिंसा की भी शिकार होती हैं। समन्वयक प्रो.बिंदु शर्मा ने कहा कि मार्शल आर्ट से खुद को फिट रहने के साथ-साथ खुद की सुरक्षा भी की जा सकती है। डॉ.निधि भाटिया, प्रो.नीलू जैन गुप्ता, डॉ.विवेक त्यागी, डॉ.नरेंद्र पांडे, डॉ.धर्मेंद्र, डॉ.अमरपाल, वशिष्ठ, रमेश यादव, प्रो.एवी कौर, प्रो.आराधना एवं सुनील कुमार मौजूद रहे।

मिशन शक्ति पर बनाए पोस्टर और लिखे स्लोगन : शहीद मंगलपांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति समिति के तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। निर्णायक डॉ. स्वर्णलता कदम, डॉ. मोनिका चौधरी, डॉ. कुमकुम ने विजेता छात्राओं का चयन किया। प्राचार्य प्रो. डॉ दिनेश चंद, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू रानी, प्रशिक्षक पूर्णेंदु झा आदि रहे।

श्रमिकों के 85 बच्चों को दी गई साइकिल

मेरठ। श्रम विभाग की ओर से मिशन शक्ति अभियान के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। इसमें सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने 85 बालक-बालिकाओं को साइकिल बांटी। साथ ही पंजीकृत 1796 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत एक करोड़ 42 लाख के स्वीकृति पत्र वितरित किए। सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार, अरविंद कुमार, सहायक श्रमायुक्त पुष्पेंद्र शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी छत्रसाल बरनवाल, हेमंत कुमार, चंद्रप्रकाश, विजय शंकर तिवारी आदि रहे।

कोरोना से बचाव की जानकारी दी

मेरठ। कनोहरलाल पीजी कॉलेज मेरठ में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति कार्य योजना के तहत बरेली कॉलेज में एसोसिएट प्रो. डॉक्टर वंदना शर्मा का अतिथि व्याख्यान हुआ। उन्होंने कोविड की बीमारी से दूर रहने की कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. किरण प्रदीप, संयोजन डॉ. वेणु वनिता, स्मृति यादव आदि रहीं।

कई महिला बंदियों को जेल से मिलेगी आजादी

शासन की तैयारी

मेरठ | मनोज बेदी

जेल में सजा काट रहीं कुछ महिला बंदियों को महिला दिवस पर जेल से आजादी मिलेगी। इसके लिए शासन ने तैयारियां कर ली हैं।

मेरठ जेल में बंद ऐसी महिला बंदियों की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। सात मार्च को शासन महिला बंदियों को चिह्नित कर जेल प्रशासन को लिस्ट भेज देगा। इसके बाद जेल प्रशासन लिस्ट में आई महिला बंदियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिहा कर देगा।

आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। शासन ने निर्णय लिया है कि प्रदेश की जेलों में बंद ऐसी महिला बंदी जिनकी सजा पूरी होने में कुछ समय शेष है और जेल में उनका आचरण अच्छा रहा हो, उनको अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जेल से रिहा किया जाएगा। शासन ने प्रदेश की सभी जेलों से महिला बंदियों की लिस्ट मांगी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा. विभु दत्त पांडे ने बताया कि चौधरी चरण सिंह कारागार में 130 महिला बंदी हैं। कई महिला बंदी जेल में कई वर्षों से सजा काट रही हैं। इनकी सजा पूरी होने में कुछ समय बचा है। इनका जेल में आचरण ठीक रहा है साथ ही ऐसी महिला बंदी जो बुजुर्ग हो चुकी हैं, या किसी घातक बीमार से ग्रस्त हैं, ऐसी महिला बंदियों की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजा गया है। इन महिला बंदियों को रिहाई का फैसला शासन करेगा। शासन की तरफ से सात मार्च को लिस्ट आएगी। महिलाओं की अगले दिन आठ मार्च रिहाई कर दी जाएगी।

दिनाँक: 8 मार्च 2021

कार्यक्रम 9 :

“मिशन शक्ति की शपथ”

संचालन का स्थान:	जीव विज्ञान विभाग
दिवस :	विश्व महिला दिवस
अध्यक्ष एवं संरक्षक:	माननीय कुलपति, प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपसंरक्षक:	प्रो. वाई. विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
कार्यक्रम की समन्वयक:	प्रोफेसर बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र, आचार्य जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विवरण :

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए चल रहे मिशन शक्ति एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने महिलाओं के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करने के लिए शपथ ली। इस कार्यक्रम में बालिकाओं ने निम्लिखित शपथ ली।

- मैं लिंग रूढ़िवादी या पूर्वाग्रहण को मैं देखती हूं या सुनती हूँ, मैं तो इसका विरोध करूंगी।
- मैं महिलाओं के लिए काम कर रही सोसिएटियों में पहल के लिए प्रयास करुँगी।
- मैं महिलाओं की समानता और समावेशी नीतियों का समाज में प्रसाद करने का प्रयत्न करूंगी।
- मैं निरीक्षण महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी।
- मैं महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करूंगी।

कार्यक्रम की समन्वयक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने कहा अगर आजकल की लड़कियों पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि ये लड़कियां आजकल बहुत बाजी मार रही हैं। इन्हें हर क्षेत्र में हम आगे बढ़ते हुए देखा जा सकता है । विभिन्न परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट में लड़कियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। किसी समय इन्हें कमजोर समझा जाता था, किंतु इन्होंने अपनी मेहनत और मेधा शक्ति के बल पर हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर ली है। इनकी इस प्रतिभा का सम्मान किया जाना चाहिए।

फोटोग्राफ गैलरी :

दिनाँक: 8 मार्च 2021

कार्यक्रम 10 :

जागरूकता मार्च

संचालन का स्थान:	चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
अध्यक्ष एवं संरक्षक:	माननीय कुलपति, प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपसंरक्षक:	प्रो. वाई. विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विवरण :

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति के तहत 8 मार्च 2021 को भूषण हत्या निषेध जन जागरण अभियान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था । विश्वविद्यालय छात्राओं शिक्षिकाओं ने बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या तथा लिंग भेद के खिलाफ रैली निकाली। में शामिल लड़कियों ने तख्ती बैनर के साथ -'नहीं किसी का हो अपमान लड़का लड़की एक समान, बाबा हमको पढ़ने दो पढ़कर आगे बढ़ने दो, कन्या भ्रूण हत्या बन्द करो, बाल विवाह पर रोक लगाओ, हमको दुनिया में आने दो अपना मान बढ़ाने दो, बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ' के नारे लगाकर बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा की मांग की । कार्यक्रम में लड़कियों ने लड़का लड़की असमानता और लैंगिक असमानता यौन उत्पीड़न,दहेज, नशा, बाल विवाह आदि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ खुलकर अपने विचार रखें। प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई. विमला ने कहा कि हमारा समाज लड़कियों और लड़कों में आज भी भेदभाव कर रहा है। जिसके कारण कोख में ही लड़कियों को मार दिया जाता है नतीजन दिनप्रतिदिन लड़कियों की संख्या घटती जा रही है, जो चिंता की बात है। समन्वयक, प्रोफेसर बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र, ने कन्या भूरण हत्या को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि माता के गर्भ में कन्या भूरण की हत्या होने से स्त्री-पुरुष लिंग अनुपात कम हो रहा है। इसे ठीक करने के लिए मन में संकल्प लेकर कार्य करना होगा, जिससे कि माता-पिता कन्या संतान के दुश्मन नहीं बने और उन्हें प्रेम और प्यार दें।

फोटोग्राफ गैलरी :

इतिहास विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ
नन्ही परी की है पुकार
जीने का मुझको दो अधिकार
08 मार्च, 2021
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आधी आबादी का सम्मान
(भ्रूण हत्या निषेध जन-जागरण अभियान व जागरूकता रैली)
निवेदक : प्रो. अजय विजय कौर
विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग
(कार्यक्रम संयोजक व आयोजक)
चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
समस्त इतिहास विभाग परिवार

REDMI NOTE 5 PRO
AI DUAL CAMERA

दिनाँक: 7 मार्च 2021

कार्यक्रम 11 :

हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी साहित्य और साहित्य' पर वेबिनार

अध्यक्ष एवं संरक्षक:	माननीय कुलपति, प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपसंरक्षक:	प्रो. वाई. विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
कार्यक्रम की समन्वयक:	प्रोफेसर बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र, आचार्य जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
कार्यक्रम संयोजक:	प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहनी, संकायाध्यक्ष कला एवं अध्यक्ष हिंदी विभाग
संचालन :	• डॉ. अंजू ,शिक्षण सहायक, हिंदी विभाग • डॉ. आरती राणा शिक्षण सहायक हिंदी विभाग
आमंत्रित वक्ता:	1) डॉ. रीता सिंह, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, लवली प्रोफेशनल वीवी, जालंधर 2) डॉ. प्रतिभा चौहान, सहायक प्रोफेसर, नेहरू कॉलेज, फरीदाबाद 3) डॉक्टर ममता, प्रोजेक्ट फेलो, ICSSR, नई दिल्ली 4) वृंदा शर्मा, शिक्षक एवं स्वतंत्र पत्रकार 5) डॉ मीनाक्षी शर्मा, शिक्षक, अहमदाबाद 6) डॉ. आरती राणा, शिक्षण सहायक, हिंदी विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ 7) डॉ अंजू, शिक्षण सहायक, हिंदी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ 8) सौम्या पांडे, शोधार्थी, हिंदी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ 9) स्वाति, सहायक प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, यमुनानगर **10)** सुविज्ञा, शोधार्थी, गाजियाबाद

फोटोग्राफ गैलरी :

हिंदी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को पूर्व संध्या पर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत आयोजित वेबगोष्ठी 'हिंदी साहित्य और स्त्री' में आपका हार्दिक अभिनंदन करता है।
कार्यक्रम अध्यक्ष
प्रो. वाई. विमला, माननीय पति कुलपति
कार्यक्रम संयोजक
प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, संकायाध्यक्ष कला एवं अध्यक्ष हिंदी विभाग
विशिष्ट अतिथि
प्रो. विंदु शर्मा, जंतु विज्ञान विभाग एवं समन्वयक मिशन शक्ति
संचालन
डॉ. अंजू, शिक्षण सहायक, हिंदी विभाग
संचालन
डॉ. आरती सप्पा, शिक्षण सहायक, हिंदी विभाग
समय: 7 मार्च 2021 सायं 4 बजे
ज़ूम एप्प एवं फेसबुक
zoom



आमंत्रित वक्ता

डॉ रीता सिंह, सहायक प्रोफेसर
हिंदी विभाग, लवली प्रोफेशनल
विवि जालंधर

डॉ प्रतिभा चौहान
सहायक प्रोफेसर
नेहरू कॉलेज फरीदाबाद

डॉ ममता
प्रोजेक्ट फ़ेलो
ICSSR नई दिल्ली

वृंदा शर्मा
शिक्षिका एवं स्वतंत्र
पत्रकार

डॉ मीनाक्षी शर्मा
शिक्षक अहमदाबाद

डॉ आरती राणा
शिक्षण सहायक
हिंदी विभाग

डॉ अंजू शिक्षण सहायक
हिंदी विभाग

सौम्या पाण्डेय
शोधार्थी हिंदी विभाग

स्वाति सहायक प्रोफेसर
राजकीय महाविद्यालय
यमुनानगर

सुविज्ञा प्रशील
शोधार्थी गाज़ियाबाद

हिंदी विभाग पुरातन छात्र परिषद एवं मिशन शक्ति का आयोजन

दिनाँक: 10 मार्च 2021

कार्यक्रम 12 :
"महिला सशक्तिकरण" पर ऑन-लाइन पोस्टर / नारा व्याख्यान

अध्यक्ष एवं संरक्षक:	माननीय कुलपति, प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपसंरक्षक:	प्रो. वाई. विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
कार्यक्रम की समन्वयक:	प्रोफेसर बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र, आचार्य जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
आयोजन समिति	• डॉ. निधि भाटिया, कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग • डॉ. शिखा वशिष्ठ, अस्पताल प्रशासन विभाग

विवरण :

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह, मेरठ में ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 172 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय "महिला सशक्तिकरण" था। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने कहा कि इस युग में प्रत्येक महिला के लिए स्वतंत्र होना और अपने करियर के बारे में सोचना बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा की कुंजी है और अगर एक शिक्षित परिवार में एक महिला शिक्षित है तो पूरा परिवार भी है। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में पहले स्थान पर अनायशा रेहमान , बीएससी बायोलॉजी , डी. एन. डिग्री कॉलेज, मेरठ; दूसरे पर हिमानी शर्मा , जीव विज्ञान विभाग , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय , मेरठ और तीसरी पर आँचल चौधरी, एम. बी. ए. विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय , मेरठ रहीं । पोस्टर प्रतियोगिता में हले स्थान पर मेरिका जयंत, जीव विज्ञान विभाग , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय , मेरठ ; दूसरे पर कुमारी रितिका धनगर, बी. टेक. कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, SCRIET, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय , मेरठ और तीसरी पर यशी गर्ग , जीव विज्ञान विभाग , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय , मेरठ रहीं । सभी प्रतिभागियों को भागीदारी ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

:

फोटोग्राफ गैलरी :

Let's Educate and empower women to build a strong nation !!
मिशन शक्ति अभियान
2021
CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY
MEERUT
मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
ONLINE SLOGAN WRITING AND POSTER MAKING COMPETITION !!
(PARTICIPATION ONLY FOR GIRLS)
Theme : Women empowerment
Last Date for online submission and registration :
10th March 2021 Till 12 pm
Google form link for registration and submission:
https://forms.gle/3MBmJoqSJvhgpSaUA
For any queries WhatsApp on : 7836091381
No registration fees. Digital certificates will be issued to all the participants.
Chief Patron :
Prof. N.K Taneja
Vice Chancellor
C.C.S University, Meerut
Patron :
Prof. Y. Vimala
Pro Vice Chancellor
C.C.S University, Meerut
Convener :
Prof. Bindu Sharma
Department of Zoology,
C.C.S University, Meerut
Organizing Committee:
1. Er. Nidhi Bhatia,
Department of Computer Application
2. Dr. Shikha Vashisht
Department of Hospital Administration
Educated women means educated family. Empower a women to empower the next generation !!

जून, 2021

दिनाँक: 12 जून 2021

कार्यक्रम 1 :

विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण

संचालन का स्थान:	रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास, विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ
अध्यक्ष एवं संरक्षक:	माननीय कुलपति, प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपसंरक्षक:	प्रो. वाई. विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
कार्यक्रम की समन्वयक:	प्रो. बिन्दु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र /आचार्य जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपस्थित शिक्षकगण:	1. प्रो. भूपेंद्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता 2. प्रो. वीरपाल सिंह, कुलानुशासक 3. प्रो. पी.के. शर्मा, चीफ वार्डन, रानी लक्ष्मी बाई छात्रावास 4. प्रो. नीलू जैन गुप्ता, आचार्य जीव विज्ञान विभाग 5. डॉ. दिव्या शर्मा 6. डॉ. धर्मेंद्र कुमार 7. मनीष मिश्रा, इंजीनियर एवं अन्य शिक्षकगण

विवरण :

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में पौधारोपण किया गया । माननीय कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा एवं अन्य शिक्षकगण द्वारा रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में पीपल,आंवला, तुलसी, आदि के पौधे लगाए गए । माननीय कुलपति जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा बहुत आवयशक है । हम सभी को प्रयास करते रहना चाहिए कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं और पूर्ण होने तक उनकी देखभल की जाये । प्रति कुलपति वाई विमला जी ने कहा कि विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियां की जाती है जो सीधे तौर पर कई आपदाओं के लिए जिम्मेदार है जिनमें मुख्य रुप से ओजोन परत की हानि, अम्लीय वर्षा, जलवायु में परिवर्तन, महासागरों का अम्लीयकरण शामिल है. इसलिए हर व्यक्ति का यह व्यक्तिगत कर्तव्य होना चाहिए कि पर्यावरण की सुरक्षा करें । रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास की वार्डन प्रोफेसर बिन्दु शर्मा ने औषधिय पौधों के गणों के बारे में बताया ।

फोटोग्राफ गैलरी :

मीडिया रिपोर्ट :

शासन के आदेश पर सीसीएसयू में चला पौधारोपण अभियान

हिन्ट संवाददाता

मेरठ। शासन के आदेश पर शुक्रवार को सीसीएसयू में पौधारोपण अभियान चलाया गया। रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा द्वारा पीपल, आंवला, नीम आदि के 15 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा बहुत जरूरी है। हमें प्रयास करना चाहिए कि ऑक्सीजन देने वाले पौधों को अधिक से अधिक लगाना चाहिए। यही नहीं उनकी देखरेख भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन ने 1 लाख पीपल, नीम, बरगद आदि के हर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय परिसर में 100-100 पौधे लगाने के लिए कहा है । इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास की वार्डन प्रो. बिंदु शर्मा, प्रति कुलपति प्रो. बाई विमला, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. भूपेंद्र सिंह कुलानुशासक प्रो. वीरपाल सिंह, चीफ वार्डन प्रो. पीके शर्मा, प्रो. नीलू जैन गुप्ता, डा. प्रिया शर्मा, डॉ धर्मेंद्र कुमार, इंजी. मनीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय में पौधारोपण अभियान चलाया गया

मेरठ समाचार प्रतिनिधि

मेरठ। शासन के आदेश पर शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में पौधारोपण अभियान चलाया गया रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में माननीय कुलपति जी प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा जी द्वारा पीपल आंवला नीम आदि के 15 पौधे लगाए गए इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा जी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा बहुत जरूरी है हमें प्रयास करना चाहिए कि ऑक्सीजन देने वाले पौधों को अधिक से अधिक लगाना चाहिए यही नहीं उनकी देखरेख भी करनी चाहिए जिससे वह पौधे पेड़ का रूप ले सकें केवल पौधे लगाने से काम नहीं चलेगा उनकी देखरेख करनी भी बहुत आवश्यक है । उन्होंने कहा कि शासन ने 1 लाख पीपल नीम, बरगद आदि के हर महाविद्यालय वह विश्वविद्यालय परिसर में 100 100 पौधे लगाने के लिए कहा है । रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास की वार्डन प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने पौधों के गुणों के बारे में मैं बताया इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रोफ़ेसर बाई विमला छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह कुलानुशासक प्रोफेसर वीरपाल सिंह चीफ वार्डन प्रोफेसर पीके शर्मा प्रोफेसर नीलू जैन गुप्ता डॉक्टर प्रिया शर्मा डॉ धर्मेंद्र कुमार इंजीनियर मनीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

दिनाँक: 25 जून 2021

कार्यक्रम 2 :

महिला अध्ययन केंद्र के तत्वाधान में राजनीतिक विभाग द्वारा "पर्यावरण का विकास" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन

संरक्षक:	माननीय कुलपति. प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
अध्यक्ष:	प्रो. वाई विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
निवेदक:	प्रो. पवन कुमार शर्मा, अध्यक्ष राजनीतिक विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ
समन्वयक:	प्रो. बिन्दु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र /आचार्य जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
विभाग संयोजक :	डॉ रामपाल, राजनीतिक विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
मुख्य वक्ता :	डॉ राजेंद्र कुमार पांडे, आचार्य, राजनीतिक विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विवरण :

25th जून 2021 को महिला अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में राजनीतिक विभाग द्वारा "पर्यावरण का विकास" विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया गया था। माननीय कुलपति जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रकृति के साथ सभ्यता, संस्कृति के इस रिश्ते को महिलाओं ने संवारा है। प्रकृति प्रदत्त उपहारों के लिए आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से उसकी पूजा करने की हमारी परंपरा ने इस रिश्ते को और अधिक प्रगाढ़ बनाया है। प्रति कुलपति वाई विमला जी ने बताया कि छठ पूजा, तुलसी विवाह, अक्षय नवमी और वट सावित्री पूजा के जरिए विशेष तौर पर महिलाओं ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। इसीलिए यह कहा जा सकता है कि पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रो. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि वटवृक्ष एक अमूल्य संपदा है, यह ऑक्सीजन देने के साथ हमें ग्लोबल वार्मिंग, बाढ़ एवं सूखा जैसी कई आपदाओं से बचाता है। मुख्य वक्ता डॉ राजेंद्र कुमार पांडे कहा कि महिलाओं की आजीविका पर पर्यावरणीय कारकों का प्रभाव अधिक होता है, इसको ध्यान में रखते हुए पर्यावरण का संरक्षण करने में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रोफेसर बिन्दु शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में जिस तरह से आक्सीजन की कमी रही हैं उसे देखते हुए इस साल लोगो को पौधारोपण के लिए काफी सचेत होना है और वृक्षों की महत्व को जानना है।

फोटोग्राफ गैलरी :


महिला अध्ययन केन्द्र
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
के तत्वाधान
में
राजनीति विज्ञान विभाग
द्वारा आयोजित व्याख्यान में आपका हार्दिक स्वागत है।
विषय: पर्यावरण का विकास
25/06/2021, 02.00 PM
संरक्षक
प्रो नरेंद्र कुमार तनेजा जी
माननीय कुलपति
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
मुख्य वक्ता
डॉ राजेन्द्र कुमार पाण्डेय
सह आचार्य
राजनीति विज्ञान विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
अध्यक्ष
प्रो वाई विमला
प्रति कुलपति
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
निवेदक
प्रो पवन कुमार शर्मा
अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
महिला अध्ययन केन्द्र समन्वयक
प्रो विन्दु शर्मा
आचार्य, जीवविज्ञान विभाग,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
विभाग संयोजक
डॉ सुषमा रामपाल
अध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
लिंक: https://meet.google.com/jwr-gmig-jir

दिनाँक:

कार्यक्रम 3 :
महिलाओं के लिए समानता सभी के लिए प्रगति पर व्याख्यान का आयोजन

संचालन का स्थान:	विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ
दिवस :	बाल मजदूरी विरोध दिवस, अंतरराष्ट्रीय बाल सुरक्षा दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस
मुख्य संरक्षक:	माननीय कुलपति, प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
संरक्षक:	प्रो. वाई विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
सम्मानीय अतिथि:	डॉ. निवेदिता जैन, सिद्धांत वैज्ञानिक, IARI
समन्वयक:	प्रो. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
आमंत्रित वक्ता :	1. शुचि शर्मा, वकील, मेरठ कचहरी 2. प्रोफेसर विनीता शुक्ला, एमडीयू विश्वविद्यालय, रोहतक 3. प्रोफेसर संदीप मल्होत्रा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद 4. श्रीमती कृतिका चतुर्वेदी, प्रोफेशनल कॉर्पोरेट ट्रेनर 5. डॉक्टर मेघना श्रीवास्तव, चिकित्सा अधिकारी, अर्बन हेल्थ पोस्ट, साबुन गोदाम, मेरठ

विवरण :

जून 2021 को "महिलाओं के लिए समानता सभी के लिए प्रगति है" विषय पर एक दिवसीय आभासी सम्मेलन का आयोजन किया गया था इस सम्मेलन के लिए प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया वक्ताओं ने निम्नलिखित विषयों पर अपना व्याख्यान दिया। सुश्री शुचि शर्मा, जो फौजदारी की वकालत 2012 से मेरठ कचहरी में कर रही है, उन्होंने 'नाबालिग बच्चों की सुरक्षा आदि पर केंद्रित जानकारी' विषय पर अपना व्याख्यान दिया कि बच्चों के खिलाफ हिंसा न केवल उनके जीवन और स्वास्थ्य को,बल्कि उनके भावात्मक कल्याण और भविष्य को भी खतरे में डालती है। इसलिए बच्चों में व्यक्तिगत सुरक्षा को बढ़ावा देना के लिए स्कूलों में बाल संरक्षण नीतियों और बच्चों के यौन शोषण को रोकने के लिए माता-पिता का जागरूक होना आवश्यक है। प्रो. विनीता शुक्ला, एमडीयू विश्वविद्यालय, रोहतक, ने 'दैनिक जीवन में स्वच्छता' विषय पर अपना व्याख्यान दिया और बताया कि स्वत्छता एक ऐसा कार्य नहीं है जो पैसा कमाने के लिए किया जाये, बल्कि यह एक ऐसी अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए अपनाना चाहिए। प्रो. संदीप मल्होत्रा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, ने 'पर्यावरण का विकास' विषय पर अपना व्याख्यान दिया ।भारतीय महिलाएँ इस दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही हैं। वे रोजमर्रा की चीजों के लिए पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ समाधान प्रदान कर रही हैं और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा दे रही हैं।

पर्यावरण संरक्षण में भारतीय महिलाओं ने सदैव ही योगदान दिया है। जहाँ भी पर्यावरण को हानि पहुँचाने का कार्य हुआ है, उसा मुखर विरोध हमारी पर्यावरणविद महिलाओं सहित सभी ने किया है। श्रीमती कृतिका चतुर्वेदी ने 'घरेलू हिं KOसा से सुरक्षा और रोकथाम ' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने घरेलू हिंसा विरोधी कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू हिंसा जैसे - मारपीट, यौन शोषण, आर्थिक शोषण या फिर अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल से पीड़ित कोई भी महिला अदालत में जज के समक्ष स्वयं या वकील, सेवा प्रदान करने वाली संस्था या संरक्षण अधिकारी की मदद से अपनी सुरक्षा के लिए बचावकारी आदेश ले सकती है। प्रोफेसर बिन्दु शर्मा ने बताया कि तीन R का मतलब होता है -REDUCE (कम उपयोग), RECYCLE (पुन: चक्रण) , REUSE (पुन: उपयोग) । इस नियम का उपयोग करने पर हम पर्यावरण में बढ़ रहे अपशिष्ट को कम कर सकते है और इनसे हो रहे पर्यावरण को नुकसान से भी बचा जा सकता है। यही नहीं दैनिक आवश्यकताओं और क्रियाकलापों पर निर्णय लेते समय भी हम पर्यावरण संबंधी निर्णय ले सकते हैं। कुल 36 प्रतिभागियों ने इस कार्येक्रम में भाग लिया और सभी को ई-प्रमाणित को प्रदान किए गए। अंत में प्रो. अजय विजय कौर ने सभी का धन्यवाद किया।

फोटोग्राफ गैलरी :

TIME SCHEDULE
26th June 2021, Saturday

Inaugural Session

Time	Event	Name
10:30 am	Welcome Address	Prof. Bindu Sharma
10:45 am	Address by Hon. Vice Chancellor	Prof. N.K. Taneja
11:00 am	Address by Pro Vice Chancellor	Prof. Y. Vimala
11:15 am	Address by Guest Of Honour	Dr. Niveta Jain

Technical Session

Time	Lecture topics	Speakers
11:30 am-12:00 pm	नाबालिग बच्चों की सुरक्षा आदि पर केंद्रित जानकारी	Miss Shuchi Sharma
12:00 pm - 1:00 pm	दैनिक जीवन में स्वच्छता	Prof. Vineeta Shukla
1:00 pm-2:00 pm	पर्यावरण का विकास	Prof. Sandeep Malhotra
2:00 pm-3:00 pm	Protection and prevention from Domestic Violence	Mrs. Kritika
3:00 pm-4:00 pm	Importance of Yoga for Women	Dr. Meghna Srivastava
4:00 pm	Vote of Thanks	Prof. Ajay Vijay Kaur

Mahila Adhyayan Kendra
Chaudhary Charan Singh University, Meerut
Is organising
a
ONE DAY VIRTUAL CONFERENCE
(26th June 2021)
on
"Equality for Women is Progress for All"

SPEAKERS

Chief Patron
Hon. Prof. N.K Taneja
Vice-Chancellor
C.C.S University, Meerut

Patron
Prof. Y. Vimala
Pro Vice- Chancellor
C.C.S University, Meerut

Guest of Honour
Dr. Niveta Jain
Principal Scientist
IARI

Convener
Prof. Bindu Sharma
Dept of Zoology
C.C.S University, Meerut

Mrs Kritika
Prof. Vineeta Shukla
Prof. Sandeep Malhotra
Miss Shuchi Sharma
Dr. Meghna Srivastava

Registration Link : https://forms.gle/4zvHoAh8hgjZqNG5A
Meeting Link: https://us02web.zoom.us/j/84203333609
E-Certificate will be provided to all Participants
No Registration Fee
For any queries contact : 7836091381 (whatsapp only)

दिनाँक: 27 जून 2021

कार्यक्रम 4 :

"शोभापुर ग्राम में टीकाकरण कराने की अपील"

संचालन का स्थान:	शोभापुर , मेरठ
मुख्य संरक्षक:	माननीय कुलपति, प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
संरक्षक:	प्रो. वाई विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
कार्यक्रम की समन्वयक:	प्रो. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र / आचार्य, जीव विज्ञान विभाग,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
NCC ऑफिसर :	डॉ. अनिल कुमार
छात्र वालंटियर :	• स्वाति गौतम, अनुसंधान विद्वान, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ • मेरिका जयंत, अनुसंधान विद्वान, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ • दीपिका, अनुसंधान विद्वान, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी लगवाए चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ • NCC कैडेट्स- नेहा, दीपक, देवेंद्र कुमार, संजू, इज़हार ,निशांत पटेल, तुषार नगर, कार्तिक्ये करण, आदि

विवरण :

एनसीसी कैडेट एवं महिला अध्ययन केंद्र ने शोभापुर, दत्तावली, आदि गांव में जाकर सरकार द्वारा चलाये जा रहे टीकाकरण अभियान को सफल बनाने की अपील की और कोरोना काल में अधिक से अधिक लोगो को टीकाकरण करवाने के लिए जागरूक किया। समाज सेविकाओ ने ग्रामीण लोगो को बताया कि वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और सभी जल्दी से जल्दी टीका लगवाए, ताकि हमारा देश महामारी से सुरक्षित रह सकें।

फोटोग्राफ गैलरी :

मीडिया रिपोर्ट :

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन

कुमार अशोक

मुख्य संरक्षक:	• प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
संरक्षक:	• प्रो. वाई विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
समन्वयक:	• प्रो. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विवरण:

उत्तर प्रदेश शाशन के द्वारा भेजे गए महिलाओं के लिए आउटरीच/विस्तार गतिविधियों 2021-2022 के संबंध में पत्र संख्या पी.एफ. / 3645 दिनांक 3.6.21 के तत्वाधान में अगस्त माह 2021 में होने वाली गतिविधिओं को ध्यान में रखते हुए दिनांक 09 अगस्त 2021 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने "मित्रता दिवस" के उपलक्ष पर पास के दत्तावली गाँव में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन कराया। इस कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति प्रोफेसर एन.के. तनेजा एवं प्रति कुलपति प्रोफेसर भाई विमला जी के संरक्षण में किया गया। छात्रा स्वयंसेवकों ने महिलाओं को मित्रता दिवस के विषय पर जागरूक किया कि उन्हें गाँव में अपनी सहकर्मी महिलाओं का समर्थन कैसे और क्यों करना चाहिए। महिलाएं हमेशा घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, बलात्कार, सती प्रथा, पर्दा प्रथा जैसे सामाजिक कर्मकांडों में फंसी रही हैं जो अपने आप में महिला लिंग के लिए एक नकारात्मक बात है। इसलिए ऐसी सामाजिक बाधाओं को पार करने के लिए महिलाओं को हाथ मिलाना चाहिए और अन्य महिलाओं को समर्थन और प्रोत्साहित करना चाहिए, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में हों। "किसी अन्य महिला की जीत या सफलता का जश्न मनाने से आपकी चमक या गौरव कभी कम नहीं होगा। यदि कुछ भी हो, तो यह उसे और अधिक मजबूत बनाएगा और उसकी सफलता की कहानी में और रोशनी पैदा करेगा।" अब पहले से कहीं ज्यादा ऐसा लगता है कि महिलाएं एक साथ आ रही हैं और न केवल अपने मतभेदों बल्कि समानताओं का भी जश्न मना रही हैं।" ग्रामीणों ने जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और आपस में वर्षों से अपनी दोस्ती का जश्न भी मनाया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले वर्षों में गांव की महिलाएं धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से अपने अधिकारों का एहसास करेंगी और युवा पीढ़ी के बीच महिला सशक्तिकरण का संदेश फैलाएंगी।

फोटोग्राफ गैलरी:

"महिला अध्ययन केन्द्र"
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनाँक: 21अगस्त 2021

कार्यक्रम 2:

मिशन शक्ति के तृतीय चरण का शुभारम्भ

संचालन का स्थान	**अंग्रेज़ी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
मुख्य संरक्षक:	• **प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
संरक्षक:	• **प्रो. वाई विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
समन्वयक:	• **प्रो. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**

विवरण:

माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मिशन शक्ति योजना के तृतीय चरण का शुभारंभ आज 21 अगस्त के करते हुए दिसंबर 2021 तक महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम का आयोजन ललित कला विभाग एवं महिला अध्ययन केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से समय-समय पर किया जाएगाI प्रोफ़ेसर बिंदु शर्मा डॉ अलका तिवारी समन्वयक महिला अध्ययन केंद्र के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा कार्य करने वाले बालिकाओं एवं महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा मुख्य अतिथि प्रोफेसर विमला प्रति कुलपति आदि उपस्थित रहेI

फोटोग्राफ गैलरी:

मिशन शक्ति
तृतीय चरण

मीडिया रिपोर्ट:

THE NEWS RED
पत्रकारिता अभियान के रूप में
मिशन शक्ति के तीसरे चरण का शुभारंभ
मिशन शक्ति
तृतीय चरण
माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मिशन शक्ति योजना के तृतीय चरण का शुभारंभ आज 21 अगस्त से करते हुए दिसंबर 2021 तक महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन ललित कला विभाग एवं महिला अध्ययन केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से समय-समय पर किया जाएगा। प्रो. बिंदु शर्मा, डॉ अलका तिवारी समन्वयक महिला अध्ययन केंद्र मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा कार्य करने वाले बालिकाओं एवं महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रोफेसर वाई विमला (प्रति कुलपति), आदि उपस्थित रहे
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9634324860

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग डॉ. उर्मिला कार्या, स्टाफ नर्स शर्ली भंडारी को सम्मानित किया।

मिशन शक्ति के तीसरे चरण में चित्र प्रदर्शनी

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कैंपस में मिशन शक्ति के तीसरे चरण की शुरुआत चित्र प्रदर्शनी से हुई।

बतौर मुख्य अतिथि प्रोवीसी प्रो. वाई विमला एवं प्रो.बिंदु शर्मा ने नारी शक्ति पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। समन्वयक डॉ.अलका तिवारी के अनुसार दिसंबर 2021 तक मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रो. बिंदु शर्मा के अनुसार कॉलेजों में महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ गठित होंगी। अच्छा कार्य करने वाली महिला एवं बालिकाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

लखनऊ में हुए समारो

विश्वविद्यालय में

KATYAYANI
College of Education

दिनाँक:26 अगस्त 2021- 04 सितम्बर 2021

कार्यक्रम 3:

एक सप्ताह की व्याख्यान श्रृंखला

संचालन का स्थान	**अंग्रेज़ी विभाग ,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
अध्यक्ष	**प्रो. प्रभात त्यागी विकाश शर्मा रविंद्र कुमार**
समन्वयक और संयोजक	**प्रो. विकाश शर्मा**
आयोजन सचिव	**प्रो. रविंद्र कुमार**

दिनाँक: 26 अगस्त 2021

(I) समकालीन भारतीय अंग्रेजी महिला लेखिका

विवरण:

आज दिनांक 26 अगस्त 2021 चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग में सात दिवसीय व्याख्यानमाला का बृहस्पति वार को पहला दिन रहा हूं मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ शिव गोविंद पुरी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में तीन आधुनिकता के साथ अपनी प्रतिभा के रचना धर्म द्वारा अपनी पहचान तथा उपस्थिति दर्ज करा सकती है I मुख्य अतिथि प्रति कुलपति प्रोफ़ेसर बाय विमला ने कहा कि भारतीय अंग्रेजी महिला लेखकों ने महिलाओं की समस्याओं को अपनी रचना में वाणी दी हैI महिला अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने भी विचार दें अध्यक्ष प्रोफेसर प्रतिमा त्यागी व संचालन अदिति मिश्रा ने किया अध्यक्ष विकास शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया इस दौरान मिनी राणा, शुभी चौहान,अंनंदील आदि मौजूद रहेI

फोटोग्राफ गैलरी

DEPARTMENT OF ENGLISH
Ch. Charan Singh University, Meerut
In Joint Collaboration With
MAHILA ADHYAYAN KENDRA
(3rd Phase of Mision Shakti)
One- Week Lecture Series
(August-26- September- 02, 2021)
Topic: Contemporary Indian English Women Writers
Day 1: August 26, 2021 (Thursday)
Time : 10.00 AM- 12.00 Noon
Venue : Seminar Room, Dept. of English
Resource Person
Dr. SHIV GOVIND PURI
Department of English & Modern European Languages
University of Lucknow, Lucknow
Guest of Honour
Prof. BINDU SHARMA
Co-ordinator, Mission Shakti
C.C.S. University, Meerut

DEPARTMENT OF ENGLISH
Ch. Charan Singh University, Meerut
In Joint Collaboration With
MAHILA ADHYAYAN K
(3rd Phase of Mission
NE-WEEK LECTU
September- 02, 2021) T

मीडिया रिपोर्ट:

अंग्रेजी विभाग में सात दिवसीय व्याख्यान माला शुरू

मेरठ। सीसीएसयू के अंग्रेजी विभाग में सात दिवसीय व्याख्यानमाला का बृहस्पतिवार को पहला दिन रहा। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. शिवगोविंद पुरी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में स्त्री आधुनिकता के साथ अपनी छिपी प्रतिभा के रचनाधर्म द्वारा अपनी पहचान तथा उपस्थिति दर्ज करा सकती है। मुख्य अतिथि प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि भारतीय अंग्रेजी महिला लेखकों ने महिलाओं की समस्याओं को अपनी रचनाओं में वाणी दी है। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. बिंदु शर्मा ने भी विचार रखे। अध्यक्षता प्रो. प्रतिभा त्यागी ने व संचालन अदिति मिश्रा ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. विकास शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मिनी राणा, शुचि चौहान, अनन्दिल आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

अलग पहचान बना रहीं हैं अंग्रेजी लेखिकाएं

जागरण संवाददाता, मेरठ : चौ. चरण सिंह विवि के अंग्रेजी विभाग में दो दिवसीय व्याख्यान माला आयोजित की गई। इसमें पहले दिन लखनऊ विवि के अंग्रेजी के प्रोफेसर डा. शिवगोविंदपुरी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में महिलाएं आधुनिकता के साथ अपनी छिपी हुई प्रतिभा से पहचान बना रहीं हैं। अगर महिला किसी बात का उत्तर नहीं दे रही है तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह कमतर है। प्रतिकुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि महिला लेखिकाओं ने अपनी प्रतिभा के दम पर स्त्री विमर्श को लिखा है। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. बिंदु ने कहा कि लेखिकाओं ने अपनी रचना में दलित उत्पीड़न को भी उठाया है। प्रो. प्रतिभा त्यागी ने अध्यक्षता की। संचालन अदिति मिश्रा ने की। विभागाध्यक्ष प्रो. विकास शर्मा ने सभी का स्वागत किया। आयोजन सचिव प्रो. रविंद्र कुमार रहे।

चौ. चरणसिंह विवि के इंग्लिश विभाग में कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. शिव गोविंदपुरी • जागरण

दिनाँक: 27 अगस्त 2021

(II) विक्टोरियन कविता में नारीवाद, कल्पना और रोमांस के तत्व

विवरण:

आज दिनांक 27 अगस्त 2021चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में शक्ति के तहत चल रहे ध्यान में व्यक्तियों ने लेखिकाओं के योगदान को सराहा नोएडा की एएमटी यूनिवर्सिटी नोएडा की डॉक्टर सुमित्रा सिंह ने कहा कि विक्टोरियन युग में अंग्रेजी की महिला रचनाकारों ने पश्चिम में फैमिली संरचना की शुरुआत की थी विज्ञान और धर्म के अंतर्द्वंद में फंसी महिलाओं को खुली हवा में सांस लेने में ब्रिटिश लेखिकाओं के योगदान को नहीं बुलाया जा सकता I एलिजाबेथ बैरेंट, ब्राइनिंग व क्रिसटीनिआ ने अपनी कविताओं में रोमांस स्थान दिया है अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विकास शर्मा ने कहा कि महिला रचनाकारों ने विक्टोरियन मोलेरिटी की अवधारणा को इतिहास के डस्टबिन में देखने का साहस अपनी कविताओं में किया I

फोटोग्राफ गैलरी

DEPARTMENT OF ENGLISH

Ch. Charan Singh University, Meerut

In Joint Collaboration With

MAHILA ADHYAYAN KENDRA

(3rd Phase of Mission Shakti)

One- Week Lecture Series

(August-26- September- 02, 2021)

Topic: Elements of Feminism, Fantasy and Romance in Victorian Poetry

Day 2: August 27, 2021 (Friday)

Time : 12.00 Noon

Venue : Seminar Room, Dept. of English

Resource Person

Dr. SUMITRA SINGH

Assistant Professor, Department of English, Amity University, Noida

Chairperson

Prof. PRATIBHA JYAGI

Dept. of English

C.C.S. University, Meerut

Coordinator & Convener

Prof. VIKAS SHARMA, D.Lit

Head, Department of English

C.C.S. University, Meerut

Organizing Secretary

Prof. RAVINDRA KUMAR

Department of English

C.C.S. University, Meerut

DEPARTMENT OF
Ch. Char ngh Univer
In Collaboratio
MAHILA YAYAN
3rd Mission
Time:

DEPARTMENT OF ENGLISH
Ch. Charan Singh University, Meerut
In Joint Collaboration With
MAHILA ADHYAYAN KENDRA
(3rd Phase of Mission Shakti)

मीडिया रिपोर्ट:

ब्रिटिश लेखिकाओं को नहीं कर सकते हैं नजरअंदाज

जागरण संवाददाता, मेरठ: चौ. चरण सिंह विवि के अंग्रेजी विभाग में मिशन शक्ति के तहत चल रहे व्याख्यान में वक्ताओं ने लेखिकाओं के योगदान को सराहा। एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा की डा. सुमित्रा सिंह ने कहा कि विक्टोरियन युग में अंग्रेजी की महिला रचनाकारों ने पश्चिम में फेमनिज्म रचनाओं की शुरुआत की थी। विज्ञान और धर्म के अंतरद्वंद में फंसी महिलाओं को खुली हवा में सांस लेने में ब्रिटिश लेखिकाओं के योगदान को नहीं भूला नहीं जा सकता है। एलिजाबेथ

सीसीएसयू के अंग्रेजी विभाग में व्याख्यान देती वक्ता ● जागरण

बैरेट ब्राइनिंग व क्रिस्टीनिया रोजेटी ने अपनी कविताओं में रोमांस को स्थान दिया। अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रो. विकास शर्मा ने कहा कि महिला रचनाकारों ने विक्टोरियन मोरलिटी की अवधारणा को इतिहास के डस्टबिन में फेंकने का साहस अपनी कविताओं में किया।

ब्रिटिश महिला लेखिकाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते

मेरठ। विक्टोरियन युग में अंग्रेजी की महिला रचनाकारों ने पश्चिम में फेमनिज्म आंदोलन की शुरुआत अपनी रचनाओं से की थी। विज्ञान एवं धर्त के अंतर्द्वंद्व में फंसी महिलाओं को खुली हवा में सांस लेने में ब्रिटिश महिला लेखकों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सीसीएसयू के अंग्रेजी विभाग में फेमनिज्म फेंटेसी एंड रोमांस इन विक्टोरियन इंग्लिश पोयट्री विषय पर यह बात एमिटि यूनिवर्सिटी से डॉ.सुमित्रा सिंह ने कही। एचओडी प्रो.विकास शर्मा ने कहा कि महिला रचनाकारों ने विक्टोरियनल मोरलिटी की अवधारणा को इतिहास के डस्टबिन में फेंकने का साहस किया है। प्रेम जैसे विषय को

तथाकथित नैतिकता के बंधन से निकालने में महिला रचनाकारों की भूमिका उल्लेखनीय है। डॉ. मेघना श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय महिलाओं ने अपनी प्रतिभा से पुरुष लेखकों को पीछे छोड़ दिया है। प्रो.बिंदु शर्मा ने कहा महिलाओं की लेखकीय प्रतिभा उनकी व्यक्तिगत संवेदनाओं और अनुभूतियों का प्रतिफल है। आयोजन सचिव प्रो.रवींद्र कुमार, अदिति मिश्रा, निधि गुप्ता आदि रहे।

दिनाँक: 28 अगस्त 2021

(III) विक्टोरियन कविता में नारीवाद, कल्पना और रोमांस के तत्व

विवरण:

आज दिनांक 28 अगस्त 2021 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय महिला अंग्रेजी में देखो पर जारी श्रंखला के तीसरे दिन एचओडी प्रोसेसर विकास शर्मा ने कहां कि प्रकृति ने महिलाओं को पुरुषों से अधिक मानवीय संवेदनाएं दी हैI यह बात एचओडी प्रोसेसर विकास शर्मा ने कहीI डॉ अलका बंसल ने कहा कि स्त्रियों को आधुनिकरण के आधुनिकरण के युग में अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए I प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने कहा कि पुरुषों को महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी तभी हम एक सफल भारत की कल्पना कर सकते हैं I

फोटोग्राफ गैलरी

DEPARTMENT OF ENGLISH
Ch. Charan Singh University, Meerut

In Joint Collaboration With

MAHILA ADHYAYAN KENDRA
(3rd Phase of Mission Shakti)

One- Week Lecture Series
(August-26- September- 04, 2021)

Topic: Internal Cultural Clashes of Immigrant Women Characters in The Novels of Bharti Mukherjee

Day 3: August 28, 2021 (Saturday)
Time : 12.00 Noon
Venue : Seminar Room, Dept. of English

Resource Person

Dr. ALKA BANSAL
Associate Professor & Head, Department of English, S.D. (P.G.) College, Muzaffarnagar.
Dean of Arts Faculty

Chairperson	Co-ordinator & Convener	Organizing Secretary
Prof. PRATIBHA JYAGI	Prof. VIKAS SHARMA, D.Lit	Prof. RAVINDRA KUMAR
Dept. of English	Head, Department of English	Department of English
C.C.S. University, Meerut	C.C.S. University, Meerut	C.C.S. University, Meerut

मीडिया रिपोर्ट:

आधुनिकीकरण में अपनी संस्कृति न भूलें

मेरठ। प्रकृति ने महिलाओं को पुरुषों से अधिक मानवीय संवेदनाएं दी हैं। सीसीएसयू के अंग्रेजी विभाग एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय महिला अंग्रेजी लेखकों पर जारी श्रृंखला के तीसरे दिन यह बात एचओडी प्रो.विकास शर्मा ने कही। मुख्य वक्ता डॉ.अलका बंसल ने कहा कि स्त्री को आधुनिकीकरण के युग में अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। प्रो.बिंदु शर्मा ने कहा कि पुरुषों को महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी।

(IV) मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग सत्र का आयोजन

विवरण:

आज दिनांक 28 अगस्त, 2021 को प्रातः 11:00 बजे, जूलॉजी डिपार्टमेंट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के 'चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो, थीम के तहत काउंसलिंग सत्र प्रो. बिंदु शर्मा, समन्वयक महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित किया गया। सत्र की अध्यक्षता जूलॉजी डिपार्टमेंट की अध्यक्षा प्रोफ़ेसर नीलू जैन द्वारा की गई एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर संजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर एवं आरसीआई रजिस्टर्ड मनोवैज्ञानिक डॉ संजय कुमार रहे। वक्ता डॉ संजय कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया की भारत एक ऐसा देश है जहां पर किसी भी प्रकार की मानसिक या व्यक्तिगत समस्याओं की की बात किसी से कहना बुरा समझा जाता है। उन्होंने बताया की हम जिंदगी में कई प्रकार के अनुभव प्राप्त करते हैं, परंतु जब कभी हमारे अनुभव खराब, दबाव अथवा तनाव पैदा करने वाले होते हैं और ऐसे अनुभवों को हम अगर किसी से साझा नहीं करते तो वह हमारे अंदर मानसिक ही नहीं अपितु शारीरिक बीमारियां तक पैदा करते हैं। इसलिए अगर कोई महिला ऐसी किसी स्थिति से जूझ रही है कि उन्हें रात में नींद नहीं आती, खाने-पीने की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, आप अपनी शक्तियों और क्षमताओं का सही से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं साथ ही आपका व्यक्तिगत, सामाजिक, एवं व्यवसायिक जीवन बिगड़ रहा हैं और भविष्य में आपको कोई आशा की किरण दिखाई नहीं दे रही हैं तो जिस प्रकार हम अपनी शारीरिक समस्याओं को डॉक्टर से साझा करते हैं उसी प्रकार से हमारे मन की बात सुनने वाला जो प्रोफेशनल होता है उसे हम मनोवैज्ञानिक या काउंसलर या क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट कहते हैं। और ऐसी स्थितियों में हमें इन्हीं लोगों से संपर्क करना चाहिए। यह प्रोफेशनल आपको बिना जज किए हुए आपके बारे में किसी भी प्रकार की बिना धारणा बनाए हुए आपको सुनते हैं और आपके जीवन को बेहतर एवं उद्देश्य पूर्ण बनाने, सही निर्णय लेने एवं जीवन में पहले जैसी खुशियां वापस लाने में सिर्फ वार्तालाप के माध्यम से आपकी सहायता करते हैं। उन्होंने बताया कि तनाव, दवाव, मानसिक द्वंद, गुस्सा, चिन्ता, निराशा, हताशा, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, अनिर्णय जैसी स्थिति में आप यदि कोई पहला स्टेप लेना चाहते हैं तो वह है अपने मन की बात किसी से साझा करना और आप अपने मन की बात अपने माता-पिता, भाई-बहन, शिक्षक या किसी बड़े के साथ साझा कर सकते हैं। इससे आपको एक तो मन की शांति मिलती है और बहुत हद तक समस्या का समाधान भी मिलता है। और फिर भी यदि आप किसी सही निर्णय पर नहीं पहुंच पाते तो आप किसी वैज्ञानिक से सलाह ले सकते हैं। इस हेतु मनोविज्ञान विभाग में शाम 4:00 से 5:00 तक मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग सेंटर संचालित है और विवि की कोई भी छात्र-छात्रा इस समय आकर सलाह ले सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रोफेसर नीलू जैन ने छात्राओं को एक एक्टिविटी के माध्यम से समझाया कि वह कौन सा व्यक्ति हो सकता है जिससे वे अपने मन की बात कह सकते हैं और समझाया कि हम अपने मन की बातें किसी से साझा कर भी लेते हैं फिर भी कुछ न कुछ ऐसा रह जाता है जो हमें अंदर से परेशान करता है और उसका समाधान खोज लेने से हम अपनी जिंदगी को सुकून भरा शांतिपूर्ण और बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संयोजक, प्रोफ़ेसर बिंदु शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं इसी प्रकार से मिशन शक्ति के तहत अगले शनिवार को एक नये तत्र में मिलने का आग्रह किया।

फोटोग्राफ गैलरी

"महिला अध्ययन केन्द्र"
(मिशन शक्ति तृतीय चरण)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

"महिला अध्ययन केन्द्र"
(मिशन शक्ति तृतीय चरण)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

मीडिया रिपोर्ट:

सीसीएसयू में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अपने तनाव व दुखद अनुभवों को साझा करना स्वास्थ्य के लिए जरूरी

मेरठ मिशन प्रतिनिधि

मेरठ। शनिवार को जूलॉजी डिपार्टमेंट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो, थीम के तहत काउंसलिंग सत्र प्रो. बिंदु शर्मा, समन्वयक महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग के द्वारा आयोजित किया गया। सत्र की अध्यक्षता जूलॉजी डिपार्टमेंट की अध्यक्षा प्रोफ़ेसर नीलू जैन द्वारा की गई एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर संजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर एवं आरसीआई रजिस्टर्ड मनोवैज्ञानिक डॉ संजय कुमार रहे। वक्ता डॉ संजय कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया की भारत एक ऐसा देश है जहां पर किसी भी प्रकार की मानसिक या व्यक्तिगत समस्याओं की की बात किसी से कहना बुरा समझा जाता है।

उन्होंने बताया की हम जिंदगी में कई प्रकार के अनुभव प्राप्त करते हैं, परंतु जब कभी हमारे अनुभव खराब, दबाव अथवा तनाव पैदा करने वाले होते हैं और ऐसे अनुभवों को हम अगर किसी से साझा नहीं करते तो वह हमारे अंदर मानसिक ही नहीं अपितु शारीरिक बीमारियां तक पैदा करते हैं। इसलिए अगर कोई महिला ऐसी किसी स्थिति से जूझ रही है कि उन्हें रात में नींद नहीं आती, खाने–पीने की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, आप अपनी शक्तियों और क्षमताओं का सही से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं साथ ही आपका व्यक्तिगत, सामाजिक, एवं व्यवसायिक जीवन बिगड़ रहा हैं और भविष्य में आपको कोई आशा की किरण दिखाई नहीं दे रही हैं तो जिस प्रकार हम अपनी शारीरिक समस्याओं को डॉक्टर से साझा करते हैं उसी प्रकार से हमारे मन की बात सुनने वाला जो प्रोफेशनल होता है उसे हम मनोवैज्ञानिक या काउंसलर या क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट कहते हैं। और ऐसी स्थितियों में हमें इन्हीं लोगों से संपर्क करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रोफेसर नीलू जैन ने छात्राओं को एक एक्टिविटी के माध्यम से समझाया कि वह कौन सा व्यक्ति हो सकता है जिससे वे अपने मन की बात कह सकते हैं और समझाया कि हम अपने मन की बातें किसी से साझा कर भी लेते हैं फिर भी कुछ न कुछ ऐसा रह जाता है जो हमें अंदर से परेशान करता है और उसका समाधान खोज लेने से हम अपनी जिंदगी को सुकून भरा शांतिपूर्ण और बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संयोजक, प्रोफ़ेसर बिंदु शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

दिनाँक: 31अगस्त 2021

कार्यक्रम 4:

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ व वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय में *मिशन शक्ति* पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

संचालन का स्थान	**वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय खानपुर, बुलंदशहर**
मुख्य संरक्षक	**प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
संरक्षक:	**प्रो. वाई विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
समन्वयक:	**प्रो. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
अध्यक्षा	**आरती जी दीप**

विवरण:

आज दिनांक 31 अगस्त 2021 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ तथा वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय खानपुर बुलंदशहर के अंत में महिला अध्ययन केंद्र का उद्घाटन किया गया इसके अलावा शक्ति पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया I कार्यशाला का शुभारंभ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनके तनेजा ने किया इस मौके पर महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर निश्चित जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं उनका मकसद महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है इस कड़ी में अवंतीबाई महाविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का उद्घाटन किया गया कार्यक्रम की तरफ से महिलाओं को स्वास्थ्य के स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया इस दौरान करीब 200 महिलाओं को जांच मुफ्त में जांच कराने की सुविधा थी इसके अलावा कुलपति ने 150 महाविद्यालयों को पौष्टिक आहार का वितरण किया इस अवसर पर महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए तथा इसके अलावा कुलपति ने 150 महिलाओं को पौष्टिक आहार का वितरण किया महिलाओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य के संबंध में कराए जा रहे कार्य की सराहना की I कार्यक्रम में थाना की पुलिस उपाधीक्षक अलका सिंह व विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े कानूनी पहलुओं पर अपने विचार साझा किए उन्होंने कहा कि कभी भी अन्याय को सहन ना करें I सरकार, पुलिस और कानून आपके साथ हैं डीएसपी अलका सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के महिला शक्ति मिशन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया तथा

महिलाओं को उनके हकों के लिए कार्य करने के लिए तथा लड़ने के लिए आग्रह किया उन्होंने छात्राओं को परीक्षा की तैयारी के बारे में भी बताया I समन्वयक विद्यालय शर्मा ने कहा कि महिलाएं वैदिक काल से ही सम्मान के योग्य रहे हैI कुलपति प्रोफेसर एनके तनेजा प्रोफेसर बिंदु शर्मा दी सिंह वीरांगना अवंती बाई कॉलेज की अध्यक्ष आरती जी ने कॉलेज के प्रांगण में पौधारोपण भी कियाI

फोटोग्राफ गैलरी

-: स्नेह निमंत्रण पत्र :-

श्रीयुत.....जी

कार्यक्रम

मंगलवार, 31 अगस्त, 2021

हेल्थ कैम्प (फेलिक्स हॉस्पिटल, नोएडा)..... प्रातः 10 बजे

महिला सुरक्षा पर कानूनी सलाह, श्री योगेश कुमार

विशेष लोक अभियोजक बुलन्दशहर... .....प्रातः 11 बजे

महिला सुरक्षा पर व्याख्यान

श्रीमति अलका सिंह डी.एस.पी. स्याना (बु.शहर).....दोप0: 12 बजे

पौष्टिक आहार का वितरण व व्याख्यान

प्रो. एन.के. तनेजा माननीय कुलपति चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय.....दोपहर 1 बजे

मीडिया रिपोर्ट:

महाविद्यालय में मिशन शक्ति पर हुआ सेमिनार

धारा न्यूज संवाददाता

खानपुर। नगर के निकट क्या लेने महिला अध्ययन केंद्र का शुभारंभ करते हुए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की प्रोफेसर एनके तनेजा ने किया उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्देशक मिशन शक्ति तथा स्वयं महिलाओं की सुरक्षा सम्मान में स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर कैसे बनाया जाए के लिए मार्गदर्शक किया गया जिसमें महिलाओं को पौष्टिक आहार का वितरण करते हुए एनके तनेजा ने महिलाओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की तथा ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने के

लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार ने महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े हुए कानूनी पहलुओं पर अपने विचार साझा किए और कहा कि किसी भी अन्याय को सहन ना करें सरकार पुलिस और कानून जनता के साथ रहता है कार्यक्रम में शामिल क्षेत्रअधिकारी स्याना अलका सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के महिला शक्ति मिशन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए महिलाओं को उनके हक के लिए तथा लड़ने के लिए आग्रह किया उन्होंने छात्राओं को यू पी एस सी से संबंधित पदों की तैयारी के विषय में बताया प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने महिलाओं के उत्थान के संबंध में अपने विचार रखे तथा उन्होंने महिलाएं वैदिक काल से ही सम्मान के योग्य रही हैं उन्होंने पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए चिपको आंदोलन तथा नर्मदा आंदोलन के विषय पर विचार रखें प्रोफेसर एनके तनेजा ने प्रोफेसर बिंदु शर्मा क्षेत्राधिकारी अलका सिंह महाविद्यालय अध्यक्षा के साथ प्रांगण में पौधारोपण किया।

शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की करें : तनेजा

स्यानपुर / संवाददाता

क्षेत्र के गांव नगला आलमपुर स्थित अवंती बाई महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के तत्वावधान में एक महिला अध्ययन केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ चौ.चरण सिंह विवि के कुलपति प्रोफेसर एनके तनेजा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रो.एनके तनेजा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की कर छात्राएं आगे बढ़ें।

महिलाओं के लिए हेल्थ कैंप का भी उद्घाटन किया गया। शासन द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मसम्मान की रक्षा व सुरक्षा के लिए

अवंतीबाई लोधी कालेज में महिलाओं को सम्मानित करते कुलपति प्रो.एनके तनेजा।.

मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण का आगाज किया गया है। सीओ स्याना अलका सिंह ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच फेलिक्स हॉस्पिटल नोएडा के डॉक्टरों द्वारा की गई। महिलाओं को पौष्टिक आहार का वितरण किया। विवि की समन्वयक प्रो. बिंदु शर्मा, महाविद्यालय की अध्यक्ष आरती दीप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष लोक अभियोजक योगेश सिंह ने पुलिस और प्रदेश सरकार के महिला शक्ति मिशन को विस्तार से बताया। महाविद्यालय में अतिथियों ने पौधारोपण किया।

सितम्बर 2021

दिनाँक: 13-14 सितम्बर, 2021

कार्यक्रम 1:

तीन दिवसीय (स्वस्थ परीक्षण शिविर (महिलाओं /छात्राओं के लिए) एवं हेल्थ क्लब का उद्घाटन

प्रथम दिवस हेल्थ क्लब का उद्घाटन

संचालन का स्थान	रानी लक्ष्मी महिला छात्रावास,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
संरक्षक	प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपसंरक्षक:	प्रो. वाई विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
समन्वयक:	प्रो. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विवरण:

आज दिनांक 13-09-2021 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा संचालित महिला अध्यन केंद्र के उद्देश्य को पूरा करने के लिए रानी लक्ष्मी महिला छात्रावास, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ माननीय कुलपति द्वारा उच्य शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिका हेल्थ क्लब का उद्घाटन दिपप्रज्वलित करके किया गयाI इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी, प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला एवं. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग उपस्थित रहे I

माननीय कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी कहा की सिर्फ मानसिक स्वास्थ को ही स्वस्थ रखना ही काफी नहीं है शारीरिक स्वास्थ को भी अच्छा बनाये रखना शिक्षक का उद्देश्य होना चाइये तथा इसके साथ ही शिक्षाओं का काम केवल लेक्चर लेना ही नहीं बल्कि उनमे छुपी प्रतिभाओं को भी निखारना है

फोटोग्राफ गैलरी:



चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
जन्तु विज्ञान विभाग

दिनांक: 10.09.2021

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ।

महोदय/महोदया,

हर्ष के साथ सूचित करना है कि माननीय कुलपति जी द्वारा रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में **"बालिका हेल्थ क्लब"** का उद्घाटन दिनांक 13 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 3:30 बजे किया जायेगा तथा **"तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर** का आयोजन दिनांक 13–15 सितम्बर, 2021 तक किया जाना है। कृपया आपसे अनुरोध है कि अपने विभाग की सभी महिलाओं/छात्राओं को कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहित करें। (कार्यक्रम की प्रति संलग्न है)

अतः उक्त कार्यक्रम में आप सभी दिनांक 13 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 3:30 बजे सादर आमन्त्रित है।

10/9/2021

प्रो0 बिन्दु शर्मा
समन्वयक
महिला अध्ययन केन्द्र

Dr. Bindu Sharma
Professor
Department of Zoology
C. C. S. University, Meerut
250004 India

मिशन शक्ति
महिला अध्ययन केन्द्र
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
द्वारा आयोजित
उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम, (तृतीय चरण) के अन्तर्गत
तीन दिवसीय
स्वास्थ्य परीक्षण शिविर (महिलाओं/छात्राओं के लिए) एवं
बालिका हेल्थ क्लब का उद्घाटन
आयोजन तिथि- 13.09.2021 से 15.09.2021 समय- दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे
स्थान- रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास
प्रो. नरेन्द्र कुमार तनेजा
संरक्षक
माननीय कुलपति
प्रो. वाई. विमला
उपसंरक्षक
माननीय प्रति कुलपति
प्रो. बिन्दु शर्मा
समन्वयक
महिला अध्ययन केन्द्र

महिला अध्ययन केन्द्र
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
द्वारा आयोजित
उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम, (तृतीय चरण)
के अन्तर्गत
तीन दिवसीय
स्वास्थ्य परीक्षण शिविर (महिलाओं/छात्राओं के लिए)
एवं
बालिका हेल्थ क्लब का उद्घाटन
आयोजन तिथि- 13.09.2021 से 15.09.2021
समय- दोपहर 2:30 बजे से शाम 5: बजे
स्थान- रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास
प्रो. वाई. विमला
उपसंरक्षक
प्रति कुलपति
प्रो. बिन्दु शर्मा
समन्वयक
महिला अध्ययन केन्द्र

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ के रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में
मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिका हैल्थ क्लब
का उद्घाटन
प्रोफैसर नरेन्द्र कुमार तनेजा
माननीय कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
प्रोफैसर वाई. विमला
माननीय प्रति-कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
के कर कमलों द्वारा सोमवार दिनांक 13 सितम्बर 2021
विक्रमी सम्वत् 2078, भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी को सम्पन्न हुआ।
धीरेन्द्र कुमार (कुलसचिव)
प्रो. बिन्दु शर्मा (समन्वयक)
इं0मनीष मिश्रा (विश्वविद्यालय अभियन्ता)
सुशील कुमार गुप्ता (वित्त अधिकारी)

मीडिया रिपोर्ट:

समारोह अबला नारी शब्द हमारी शब्दावली में ही नहीं, महिलाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करें

महिलाओं का सम्मान हमारी संस्कृति है: डा. तनेजा

हिन्ट संवाददाता

मेरठ। महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा है अबला नारी शब्द हमारी शब्दावली में ही नहीं है, यदि हमारी शब्दावली में अबला नारी शब्द होता प्राचीन व वैदिक काल में और स्वाधीनता से पूर्व रानी लक्ष्मीबाई सहित अनेक वीरांगना कैसे होती। महिलाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए। यह बात सीसीएसयू के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा ने महिला अध्ययन केंद्र व महिला हेल्थ क्लब के शुभारंभ के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि हेल्थ क्लब से बालिकाओं के स्वास्थ्य के साथ मानसिक वह बौद्धिक स्तर भी बढ़ेगा वही महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण स्थान पा सकेंगी। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए हमारा विश्वविद्यालय प्रयत्नशील है शिक्षकों का काम केवल लेक्चर देना नहीं है या शोध के कार्य को बढ़ावा देना ही नहीं है। शिक्षक को चाहिए कि बच्चे में छिपी प्रतिभा को पहचाने उसे निखारने का काम करें साथ ही बच्चों के साथ अपनी भागीदारी भी बड़ा है, उनकी समस्याओं का हल करने वाला एजेंट बने। भारतीय संस्कृति में शिक्षक वह है जो बच्चे के माता-पिता की तरह स्वयं सीखता है। गांव से सिखाता है उसकी दुर्बलता व विशेषता को पहचानते हुए उसे निखारने का काम करता है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में 50% आबादी महिलाओं की है जो सामाजिक दूरियों को तोड़ते हुए सांस्कृतिक विशेषता को प्रस्तुत कर रही हैं आज हर क्षेत्र में हर फील्ड में वह बराबर की भागीदारी दे रही हैं।

इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि केवल उच्च पदों पर बैठना ही महिला सशक्तिकरण नहीं है बल्कि उनका सम्मान उनको बराबर की हिस्सेदारी देना महिला सशक्तिकरण है। महिला अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने सभी का स्वागत किया डॉ अनिल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया मंच का संचालन डॉ अलका तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर भूपेंद्र राणा प्रोफेसर वीरपाल सिंह एसीएमओ डॉक्टर पूजा प्रोफेसर नवीन चंद लोहनी, प्रोफेसर एवी कौर, प्रोफेसर आराधना गुप्ता डॉक्टर संजय भारद्वाज डॉ विवेक त्यागी डॉक्टर निशा मनीष इंजीनियर मनीष मिश्रा डॉक्टर गुलाब सिंह रूहल, डॉक्टर पीके बंसल प्रेस प्रवक्ता मितेन्द्र कुमार गुप्ता आदि रहे।

महिलाओं का सम्मान हमारी संस्कृति है: प्रो. एनके तनेजा

महिला अध्ययन केंद्र व महिला हेल्थ क्लब का शुभारंभ

कानूनी जंग न्यूज



मेरठ। महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा है अबला नारी शब्द हमारी शब्दावली में ही नहीं है यदि हमारी शब्दावली में अबला नारी शब्द होता प्राचीन व वैदिक काल में और स्वाधीनता से पूर्व रानी लक्ष्मीबाई सहित अनेक वीरांगना कैसे होती महिलाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा ने महिला अध्ययन केंद्र व महिला हेल्थ क्लब के शुभारंभ के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि हेल्थ क्लब से बालिकाओं के स्वास्थ्य के साथ मानसिक वह बौद्धिक स्तर भी बढ़ेगा वही महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण स्थान पा सकेंगी। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई विमला ने कहा कि केवल उच्च पदों पर बैठना ही महिला सशक्तिकरण नहीं है बल्कि उनका सम्मान उनको बराबर की हिस्सेदारी देना महिला सशक्तिकरण है। महिला अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने सभी का स्वागत किया डॉ. अनिल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन डॉ. अलका तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर भूपेंद्र राणा, प्रोफेसर वीरपाल सिंह, एसीएमओ डॉक्टर पूजा, प्रोफेसर नवीन चंद लोहनी, प्रोफेसर एवी कौर, प्रोफेसर आराधना गुप्ता, डॉक्टर संजय भारद्वाज, डॉ. विवेक त्यागी, डॉक्टर निशा, मनीष इंजीनियर, मनीष मिश्रा, डॉक्टर गुलाब सिंह रूहल, डॉक्टर पीके बंसल प्रेस प्रवक्ता मितेन्द्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पुरातन परंपरा : तनेजा

मेरठ (एसएनबी)। चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनके तनेजा ने महिला अध्ययन केंद्र व महिला हेल्थ क्लब के उद्घाटन समारोह में कहा कि महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा है। अबला नारी शब्द हमारी शब्दावली में ही नहीं है यदि हमारी शब्दावली में अबला नारी शब्द होता तो प्राचीन व वैदिक काल में और स्वाधीनता से पूर्व रानी लक्ष्मीबाई सहित अन्य वीरांगना कैसे होतीं। महिलाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हेल्थ क्लब से बालिकाओं के स्वास्थ्य के साथ मानसिक व बौद्धिक स्तर भी बढ़ेगा। हमारा विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए प्रयत्नशील है शिक्षकों का काम केवल लेक्चर देना व शोध के कार्य को बढ़ावा देना ही नहीं है। यह सब चीज भी महत्वपूर्ण हैं, मगर शिक्षकों को बच्चे में छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का काम करना चाहिए। भारतीय संस्कृति में शिक्षक वह है जो बच्चे के माता-पिता की तरह स्वयं सीखता है गांव से सिखाता है। हमारे देश में महिलाएं हर क्षेत्र में बराबर की भागीदारी दे रही हैं हमे अपनी सोच को बदलना होगा और महिलाओं को आदर देकर सम्मानित करना होगा। प्रति कुलपति प्रोफेसर वाई विमला ने कहा कि केवल उच्च पदों पर बैठना ही महिला सशक्तिकरण नहीं है बल्कि उनका सम्मान उन्हें बराबर की हिस्सेदारी देना है। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर बिंदु शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

मेरठ : चौधरी चरणसिंह विवि में महिला अध्ययन केंद्र व महिला हेल्थ क्लब के उद्घाटन समारोह में मिशन शक्ति अभियान में बेहतर सहयोग के लिए नंगला अलमपुर (बुलंदशहर) स्थित वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय के सचिव विनोद राजपूत को प्रशस्ति पत्र देते कुलपति प्रोफेसर एनके तनेजा।

मंच का संचालन डॉ. अलका तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर भूपेंद्र राणा, प्रोफेसर वीरपाल सिंह, एसीएमओ डाक्टर पूजा शर्मा, प्रोफेसर नवीन चंद लोहनी, प्रोफेसर एवी कौर, प्रोफेसर आराधना गुप्ता, डा. संजय भारद्वाज डा. विवेक त्यागी, प्रेस प्रवक्ता मितेन्द्र कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे।

महिलाओं का सम्मान हमारी संस्कृति है प्रोफ़ेसर नरेंद्र कुमार तनेजा

अवधनामा संवाददाता

मेरठ। महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पुरानी परंपरा है अबला नारी शब्द हमारी शब्दावली में ही नहीं है यदि हमारी शब्दावली में अबला नारी शब्द होता प्राचीन व वैदिक काल में और स्वाधीनता से पूर्व रानी लक्ष्मीबाई सहित अनेक वीरांगना कैसे होती महिलाओं के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा ने महिला अध्ययन केंद्र व महिला हेल्थ क्लब के शुभारंभ के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि हेल्थ क्लब से बालिकाओं के स्वास्थ्य के साथ मानसिक वह बौद्धिक स्तर भी बढ़ेगा वही महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण स्थान पा सकेंगी। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए हमारा विश्वविद्यालय प्रयत्नशील है शिक्षकों का काम केवल

लेक्चर देना नहीं है या शोध के कार्य को बढ़ावा देना ही नहीं है हालांकि यह सब चीज भी महत्वपूर्ण है शिक्षक को चाहिए कि बच्चे में छिपी प्रतिभा को पहचाने उसे निखारने का काम करें साथ ही बच्चों के साथ अपनी भागीदारी भी बड़ा है उनकी समस्याओं का हल करने वाला एजेंट बने भारतीय संस्कृति में शिक्षक वह है जो बच्चे के माता.पिता की तरह स्वयं सीखता है गांव से सिखाता है उसकी दुर्बलता व विशेषता को पहचानते हुए उसे निखारने का काम करता है उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में 50: आबादी महिलाओं की है।

दिनांक 14.09.2021 एवं 15.09.2021

द्वितीय तथा तृतीय दिवस

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शिविर (महिलाओं /छात्राओं के लिए)

संचालन का स्थान	रानी लक्ष्मी महिला छात्रावास,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
संरक्षक	प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
उपसंरक्षक:	प्रो. वाई विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
समन्वयक:	प्रो. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विवरण:

दिनांक 14.09.2021 एवं 15.09.2021 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा संचालित महिला अध्ययन केंद्र द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय कुलपति प्रो. एन. के. तनेजा और प्रति कुलपति प्रो. वाई. विमला मैडम के तत्वाधान में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दूसरे एवं तीसरे दिन , जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्यारेलाल शर्मा जिला चिकित्सालय की डॉ. मोनिका पुंडीर ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 63 महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण किया, साथ ही उन्हे स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी प्रदान की। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग की छात्राओं ने भी इसमे बढचढ कर हिस्सा लिया। प्रो. बिंदु शर्मा, समन्वयक, महिला अध्ययन केंद्र ने बालिकाओ को कहा की उन्हे समय से स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहना चाहिए, साथ ही संतुलित आहार भी ग्रहण करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में प्यारेलाल शर्मा अस्पताल से जिला चिकित्सक सीखा चतुर्वेदी ने स्वस्थ परिक्षण में 60 से अधिक महिलाओं का परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ सम्बंधित जानकारी दीI विश्व स्वस्थ संघटन की निर्देशों के अनुसार स्वस्थ व्यक्ति है जो शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होIमहिलाओं को पोषणयुक्त आहार लेना चाइये जिससे उन्हें खून की कमी न हो I इस अवसर पर प्रो वीर पल, अलका तिवारी, अनिल यादव आदि मौजूद रहेI

फोटोग्राफ गैलरी:



चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

पत्रांकःपी0ए0/ 3944
दिनांक : 26.08.2021

सेवा में,
मुख्य चिकित्साधिकारी
मेरठ।

विषय : –मिशन शक्ति तृतीय चरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए कार्य योजना।

महोदय,

अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–1819/सत्तर–3–2021–08(20)/2020 दिनांक 10 अगस्त 2021 के पैरा (4) **बालिका हेल्थ क्लब एवं स्वास्थ्य परीक्षण** एवं पैरा (8) **लैंगिक समानता एवं स्वास्थ्यर्धन** का संज्ञान लेते हुये चौ0 चरण विश्वविद्यालय, मेरठ में छात्राओं हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से First Aid Kit की व्यवस्था तथा प्राथमिक उपचार हेतु प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य कैम्प आयोजित हेतु महिला चिकित्साधिकारी (स्त्री रोग विशेषज्ञा) द्वारा विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास (रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास) के लिये 03 कार्यदिवसों में दिनांक 13.09.2021, 14.09.2021 एवं 15.09.2021 तक के लिये दोपहर 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक महिला चिकित्साधिकारी(स्त्री रोग विशेषज्ञा) को नियुक्त करने की कृपा करें। जिससे की चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अध्यनरत सभी छात्राओं का शासनादेशानुसार आयोजित कैम्प द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा सके। विश्वविद्यालय में लगभग 400 छात्राऐं अध्यनरत हैं।

महोदय नियुक्त महिला चिकित्साधिकारी(स्त्री रोग विशेषज्ञा) द्वारा प्रो0 बिन्दु शर्मा, जन्तु विज्ञान, मो0 न0–9412663532 एवं डा0 प्रमोद बंसल मो0 न0–9837134338 से सम्पर्क किया जा सकता है।

धन्यवाद।

भवदीय
26.8.2021
कुलसचिव

D VC
26/8

प्रतिलिपिः
1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
3. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
4. प्रो0 बिन्दु शर्मा, जन्तु विज्ञान विभाग, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।

दिनाँक: 30 सितम्बर 2021

कार्यक्रम 2: लैंगिक समानता पर व्याख्यान का आयोजन

संचालन का स्थान	भौतिक विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
अध्यक्ष	प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा जी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
संचालक	अनिल यादव, एन० सी० सी०
समन्वयक:	प्रो. बिंदु शर्मा, महिला अध्ययन केंद्र/ आचार्य, जीव विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विवरण:

दिनांक 30 सितम्बर 2021 को महिला अध्ययन केंद्र चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया | जिसमे वक्ता डा० श्रद्धा पाल, सहायक आचार्य रसियन विभाग, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, ने लैंगिक समानता, आज के समाज की आवश्यकता क्यों; पर अपने विचार प्रस्तुत किये | उनके अनुसार सृष्टि संचालन के लिए प्राकृत ने नर और मादा दो तरह के प्राणियों की रचना की, जिसमे नर और नारी की उत्पत्ति मानवीय जातीय को चलाने के लिए किया गया | कालांतर में पुरुष और महिला ये हमारे समाज ने निर्धारण किया और इनके कार्यों और वेश भूषा का भी वर्गीकरण कर दिया | समाज के संचालन में दोनों की भूमिका की अहमियत बताए और कहा की दोनों ही अहम् घटक एवं पूरक है | आगे बताया की कैसे समय के साथ एक लिंग दूसरे पर हावी हो गया | लैंगिक समानता के लिए कानून के अधिकारों के बारे में जागरूक किया | उन्होंने नारी शक्तिकरण का एक उदाहरण रसियन समाज का दिया, बताया की द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद रसिया में पुरुषों की भारी क्षति हुए, जिसके कारण महिलाओं को उन कार्यों का करना पड़ा जिसमे पहले उनकी भागीदारी नहीं थी | समय के साथ महिलाओं ने पुरुष अधिकृत सभी कार्यों में निपुणता हासिल कर लिया | इस प्रकार महिलाओं को अवसर मिले तो समाज के सभी क्षेत्रों में कौशल को प्रदर्शित कर सकती है जो नारी को और इस समाज को सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करेंगे | इस ब्याख्यान में महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो० बिंदु शर्मा , शोध विद्यार्थी, एन० सी० सी० के कैडेट्स उपस्थित रहे और कार्यक्रम का संचालन एन० सी० सी० के अधिकारी डा० अनिल कुमार यादव ने किया |

फोटोग्राफ गैलरी: